देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 318 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 31 जनवरी 2020

**विचार-प्रवाह...**स्थिर विपक्ष की जरूरत





मौसम — अधिकतम 18.0° न्यूनतम 6.0°

40193.82

2 भारत की कूटनीतिक जीत

7 8वीं बार फाइनल में जोकोविच

# गोली चला युवक बोला, लो आजादी

■सीएए के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान गोलीबारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जामिया नगर में गोली चलाने वाले शख्स को लेकर जो जानकारियां सामने आ रही हैं उसके मुताबिक इसने इस घटना को अचानक अंजाम नहीं दिया, बल्कि वह कई दिनों से इसकी तैयारी में था। आरोपी का नाम गोपाल है और गोलीबारी से पहले उसने फेसबुक लाइव किया था। फेसबुक पर उसने यह भी लिखा है कि चंदन का बदला लेने जा रहा है। बता दें, 2018 में गणतंत्र दिवस पर यूपी के कासगंज जिले में सांप्रदायिक झड़प में चंदन गुप्ता की हत्या कर दी गई थी।

गुरुवार को जामिया इलाके में सीएए के विरोध प्रदर्शन के दौरान एक शख्स ने गोली चला दी। गोली चलाने वाले व्यक्ति ने कहा कि मैं तुम्हे आजादी दिलाता हूं। गोली चलाने वाला बाहर से आया था। गोली चलाने वाले व्यक्ति ने पिस्टल लहराते हुए कहा, दिल्ली पुलिस जिंदाबाद, जामिया मिलिया मुर्दाबाद। शख्स की गोली से मार्च में शामिल जामिया का एक छात्र घायल हो गया है। घायल छात्र को गोली लगने के बाद होली फैमिली हॉस्पिटल ले जाया गया था और अब उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। घायल हुए छात्र का नाम शादाब है। इस बीच मार्च में पुलिस की भारी तैनाती की गई है।

**12वीं का छात्र है गोपाल:** गोली चलाने वाला ये युवक ग्रेटर नोएडा के जेवर का रहने वाला है, 12वीं का छात्र बताया जा रहा है। परिवार के लोग इसे नाबालिग बता रहे हैं, घर से स्कूल के लिए कहकर निकला था।

## जामिया में गोलीबारी से पहले फेसबुक पर इरादे जाहिर कर चुका था गोपाल



### मरने-मारने को निकला था गोपाल

फेसबुक पर खुद को रामभक्त बताने वाले गोपाल ने खुद को सभी संगठनों से मुक्त बताया है। 28 जनवरी के एक पोस्ट में उसने लिखा है कि 31 जनवरी तक उसके पोस्ट को कोई नजरअंदाज ना करे। घटना को अंजाम देने के लिए निकलने से पहले उसने यह भी जाहिर किया था कि वह मरने-मारने पर उतारू है। उसने आज एक पोस्ट में लिखा है कि उसे अंतिम संस्कार के लिए भगवा में ले जाया जाए और जय श्री राम के नारे लगाएं। गोपाल ने फेसबुक के दोस्तों से कहा है कि उसके परिवार का ध्यान रखा जाए। एक अन्य पोस्ट में उसे लिखा है...शाहीन भाग....खेल खत्म।

### राजनीति भी शुरू, आप ने शाह को घेरा

जामिया की घटना को लेकर आम आदमी पार्टी ने बीजेपी पर हमला बोला है। पार्टी के नेता संजय सिंह ने कहा कि इससे साफ हो गया है कि जब से देश के गृह मंत्री अमित शाह बने हैं दिल्ली की कानून व्यवस्था लगातार बद से बदतर होती जा रही है। कभी 24 घंटे में 9 लोगों की हत्या हो जाती है, एक महीने में 220 राउंड फायरिंग दिल्ली की सड़कों पर होती है। कभी वकीलों के ऊपर गोलियां चलती हैं कभी छात्रों के ऊपर लाठियां चलती हैं और आज जो कुछ भी जामिया में हुआ उससे साफ हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी एक सुनियोजित साजिश के तहत हार के डर के कारण दिल्ली का माहौल बिगाड़ना चाहती है।

## भारत को इस्लामिक देश बनाना चाहता है शरजील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सीएए और नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजंस (एनआरसी) के खिलाफ प्रदर्शनों में भड़काऊ भाषण देने के लिए गिरफ्तार जेएनयू छात्र शरजील इमाम भारत को इस्लामिक देश बनाने का मंसूबा रखता है। यह बड़ी जानकारी दिल्ली पुलिस की पूछताछ में सामने आई है। बता दें कि शरजील फिलहाल दिल्ली पुलिस की रिमांड पर है। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि शरजील कट्टरपंथ से बहुत ज्यादा प्रभावित है और उसे गिरफ्तारी का कोई मलाल नहीं है। सूत्रों के अनुसार उसने यह भी मान लिया है कि उसकी विडियोज से कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है। फिलहाल उसके भाषण वाली विडियोज को फरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है।

# निर्भया: फांसी पर सस्पेंस, तिहाड़ जेल को नोटिस

## फांसी के लिए 1 फरवरी का दिन मुकर्रर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। निर्भया गैंगरेप और मर्डर केस में मौत की सजा पाए चारों दोषियों की फांसी के लिए 1 फरवरी का दिन मुकर्रर हुआ है। हालांकि, इस बार भी उन्हें फांसी होगी या नहीं, इस पर सस्पेंस बना हुआ है।

एक दोषी विनय ने निचली अदालत का रुख किया और फांसी को इस आधार पर अनिश्चितकाल के लिए टालने की मांग की है कि कुछ दोषी अपने पास मौजूद सभी कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल नहीं कर पाए हैं। इस पर कोर्ट ने तिहाड़ जेल प्रशासन से शुक्रवार तक जवाब देने को कहा है।

### फांसी पर रोक लगाने की दोषियों की याचिका पर अदालत ने तिहाड़ जेल को भेजा नोटिस

विशेष न्यायाधीश ए. के. जैन ने तिहाड़ जेल के अधीक्षक को शुक्रवार को सुबह 10 बजे तक इस याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा।

फांसी की सजा का सामना कर रहे दोषी विनय कुमार शर्मा की ओर से पेश वकील ए. पी. सिंह ने अदालत से फांसी को अनिश्चितकाल के लिए टाल देने को कहा क्योंकि कुछ दोषियों के कानूनी उपचार अभी बाकी हैं। अभियोजन पक्ष ने कहा कि याचिका न्याय का मजाक है और यह फांसी को टालने की महज एक तरकीब है। यह फैसला जस्टिस एन वी रमन्ना, अरुण मिश्रा, आर एफ नरीमन, आर भानुमति और अशोक भूषण की बेंच ने सुनाया।

बता दें कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मुकेश की एक याचिका को खारिज किया था। याचिका राष्ट्रपति द्वारा दया याचिका खारिज करने के खिलाफ थी। अब मुकेश के पास कोई कानूनी विकल्प नहीं बचा है।

### अक्षय की क्यूरेटिव पिटिशन खारिज

निर्भया गैंग रेप केस के दूसरे दोषी अक्षय को भी सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। उसकी भी क्यूरेटिव पिटिशन सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। अब मुकेश की तरह अक्षय भी राष्ट्रपति के सामने दया याचिका दायर कर सकता है। बता दें कि मुकेश की दया याचिका सुप्रीम कोर्ट पहले ही खारिज कर चुका है। चारों दोषियों को 1 फरवरी को फांसी होगी या नहीं, इसपर संशय अभी बना हुआ है। अक्षय ने फांसी रोकने की गुजारिश की थी, उसे भी खारिज कर दिया गया।

# भारत में सामने आया करॉना वायरस का पहला केस

चीन से केरल लौटे छात्र की रिपोर्ट पॉजिटिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तिरुवनंतपुरम। चीन में तबाही मचा रहे करॉना वायरस से संक्रमण का भारत में पहला मामला सामने आया है। केरल में चीन से लौटे छात्र में करॉना वायरस के संक्रमण की पुष्टि की गई। छात्र चीन के वुहान यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहा था। मरीज की हालत स्थिर है और डॉक्टर उसकी निगरानी कर रहे हैं। बता दें कि चीन में अब तक करॉना वायरस के संक्रमण से 170 लोगों की मौत हो चुकी है।

उधर, गाजियाबाद और गुड़गांव में भी संदिग्ध मरीजों के मामले सामने आए हैं। ये मरीज हाल ही में चीन से लौटकर आए हैं। इससे पहले जयपुर, मुंबई, बिहार के छपरा से संदिग्ध मरीज सामने आए थे। हालांकि, दिल्ली के हॉस्पिटल और एयरपोर्ट पर इसकी जांच के पूरे प्रबंध किए गए हैं। एयरपोर्ट पर करॉना वायरस की जांच हो रही है। दिल्ली के राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) में भी जांच की सुविधा है।

### जांच जारी

मरीज की हालत स्थिर और डॉक्टर की निगरानी म

### चीन में अब तक 170 की मौत

चीन में करॉना वायरस के संक्रमण से अब तक कुल 170 लोगों की मौत हो चुकी है और इससे संबंधित 7,711 मामले सामने आ चुके हैं। नई दिल्ली में चीनी राजदूत ने विश्व स्वास्थ्य संगठन का हवाला देते हुए भारतीय नागरिकों को वुहान से निकालने पर सलाह दे डाली। 48 घंटे हो गए हैं और अभी तक भारत को अपने नागरिकों को चीन से निकालने की अनुमति नहीं मिली है।

### गुड़गांव- गाजियाबाद में तीन संदिग्ध केस

बुधवार को दिल्ली पहुंचे गुड़गांव के दो लोगों को एयरपोर्ट पर रोकर उनका चेकअप किया गया और शुरुआती इलाज दिया गया। उन्हें जुकाम और गले में खराश की दिक्कत थी। पूरी जांच के बाद दोनों को घर जाने दिया गया। साथ ही इसकी जानकारी जिला स्वास्थ्य विभाग को दी गई है। ताकि विभाग इनसे संपर्क कर सके और इनकी निगरानी की जा सके। वहीं एक संदिग्ध मरीज गाजियाबाद में मिली। डॉक्टरों ने 8 दिन पहले चीन से आकर इंदिरापुरम में अपने भाई के पास ठहरी युवती में करॉना वायरस के संक्रमण का संदेह जताया है।

# अगले 2 दिन बैंक हड़ताल बजट पर बंद रहेंगे बैंक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सरकार के साथ बातचीत विफल रहने के बाद तमाम बैंक यूनियनों ने हड़ताल जारी रखने का फैसला लिया। सार्वजनिक क्षेत्र के देश के ज्यादातर बैंक 31 जनवरी और एक फरवरी को बंद रहेंगे। दो फरवरी को भी बैंक बंद रहेंगे, क्योंकि उस दिन रविवार है। इस बार हड़ताल का समय काफी अहम है, क्योंकि 31 जनवरी को आर्थिक सर्वे रिपोर्ट और 1 फरवरी को बजट पेश किया जाना है। इस हड़ताल के बाद एकबार फिर से बातचीत की कोशिश की जाएगी। अगर बातचीत नहीं बन पाती है तो मार्च में 11,12 और 13 को 3 दिन की हड़ताल की चेतावनी दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऐसी घटना बर्दाश्त नहीं, होगी कड़ी कार्रवाई: गृहमंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जामिया में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों पर गोली चलाने की घटना को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि इस तरह की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने दिल्ली पुलिस कमिश्नर अमूल्य पटनायक से बात की है और उन्हें कठोर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। जामिया में नाबालिग युवक की ओर से गोली चलाए जाने के बाद यह मुद्दा तूल पकड़ता जा रहा है। आप और कांग्रेस ने बीजेपी और अमित शाह पर सवाल उठाए हैं तो जामिया इलाके में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी जुट गए हैं। गृहमंत्री ने ट्वीट किया, केंद्र सरकार इस तरह की किसी भी घटना को बर्दाश्त नहीं करेगी।

### प्रधानमंत्री ने कहा-हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र से पहले एकजुट विपक्ष ने सरकार की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में नागरिकता संशोधन विधेयक, अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी, कश्मीर की स्थिति, महंगाई, किसानों की समस्याओं जैसे मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की है। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार विपक्ष की राय सुनने और हर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं।

### गुड़िया गैंगरेप: गुनहगारों को 20-20 साल की कैद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। गुड़िया गैंगरेप केस को दोनों दोषियों को दिल्ली की एक अदालत ने 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने पीड़ित बच्ची को 11 लाख रुपये मुआवजे का भी आदेश दिया है। कड़कड़डूमा कोर्ट ने मनोज शाह और प्रदीप कुमार को 20 साल कैद की सजा सुनाई। हालांकि, पीड़ित पक्ष ने यह कहते हुए फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती देने की बात कही है कि दोषियों को न्यूनतम सजा दी गई है। इस मामले में करीब 7 साल बाद फैसला आया है। पीड़ित पक्ष दोषियों को मिली 20 साल की सजा से संतुष्ट नहीं है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in